Facts from the ground - Series

फैक्ट-फाइंडिंग रिपोर्ट - बिहार के कैमूर जिले के अधौरा में आदिवासियों पर पुलिस फायरिंग

अक्तूबर, 2020

बिहार में कैमूर जिले के अधौरा में आदिवासियों पर पुलिस फायरिंग की फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट

© Copyleft

इस रिपोर्ट को क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल के तहत उपलब्ध कराया गया है। लाइसेंस: http: // creativecommons.org/licenses/by/4.0. मूल स्रोत का संदर्भ और लिंक देकर, इस रिपोर्ट के किसी भी हिस्से का अनुवाद कराया जा सकता है, या इसे गैर-व्यावसायिक इरादे से दोबारा प्रकाशित कराया जा सकता है।

मूल स्रोत : अखिल भारतीय वनजन श्रमजीवी यूनियन, दिल्ली समर्थक समूह, सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस

अक्तूबर, 2020

आवरण पृष्ठ सौजन्य : राजा रब्बी हुसैन
अभिन्यास : दिल्ली समर्थक समूह
अनुवाद : सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस

सिर्फ निजी वितरण के लिए

इसकी प्रतियां हासिल करने के लिए दिल्ली समर्थक समूह को निम्न पते पर लिखें

दिल्ली समर्थक समूह
पता : F10/12, मालवीय नगर, दिल्ली 110017

फैक्ट-फाइंडिंग रिपोर्ट
–
बिहार के कैमूर जिले के अधौरा में आदिवासियों पर पुलिस फायरिंग

अक्तूबर, 2020

फैक्ट-फाइंडिंग टीम के सदस्य :

अमीर शेरवानी खान (AIUFWP)

मातादयाल (AIUFWP)

राजा रब्बी हुसैन (DSG)

अमन खान (एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया)

अखिल भारतीय वनजन श्रमजीवी यूनियन (AIUFWP)

दिल्ली समर्थक समूह (DSG)

सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस (CJP)

बिहार के कैमूर जिले के अधौरा ब्लॉक में 11 सितंबर, 2020 को आदिवासियों पर पुलिस ने गोली चलाई थी। इसके बाद चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम ने यहां का दौरा किया और मामले की पड़ताल की। फैक्ट फाइंडिंग टीम में अमीर शेरवानी (अखिल भारतीय वनजन श्रमजीवी यूनियन), मातादयाल (अखिल भारतीय वनजन श्रमजीवी यूनियन), राजा रब्बी हुसैन (दिल्ली समर्थक समूह) और सुप्रीम कोर्ट के वकील अमन खान, ने बिहार के कैमूर जिला पहुंच कर 23 से 27 सितंबर, 2020 तक आदिवासियों से मुलाकात की और घटना के बारे में जानकारी ली।

पृष्ठभूमि

मार्च, 2020 से बिहार में कैमूर जिले के भभुआ सब-डिवीजन के अधौरा ब्लॉक में तैनात वन विभाग अधिकारी आदिवासियों की खेती की जमीन को हड़पने की कोशिश में लगे हैं। इसके लिए तमाम हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। वन विभाग आदिवासियों को उनके गांवों से हटाना चाहता है। जिन गांवों से आदिवासियों को हटाने की कोशिश हो रही है उनमें गुलु, गोइया, दीघर, बाहाबार, पीपरा, साधो, बहेड़ा, डुमरावां और सरायनार शामिल हैं। सरायनार में पुलिस ने कथित तौर पर अगरिया आदिवासियों के 50 घर तोड़ डाले ताकि ग्रामीणों को वहां से हटाया जा सके। गुलु गांव में वन विभाग और बिहार सरकार के कर्मचारी पेड़ लगाने के नाम पर आदिवासियों की खेती की जमीन में गड्ढे खोद दे रहे हैं ताकि वे यहां से चले जाएंगे।

वनाधिकार और जमीन पर अपने हक को लेकर आदिवासियों के वन अधिकारियों से संघर्ष का इतिहास दशकों पुराना है। कैमूर में आदिवासियों ने वन विभाग के अधिकारियों की कार्रवाई के खिलाफ 1980 के दशक में कैमूर मुक्ति मोर्चा का गठन किया था। इसका गठन भूमिहीनों, गरीब, दलित-आदिवासी को संगठित करने वाले प्रसिद्ध विचारक और संगठनकर्ता डॉ. विनयन की अगुवाई में किया गया था। 1974 में आगरा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करके निकले डॉ. विनयन ने बिहार के जहानाबाद जिले को अपनी कर्मभूमि बनाया। डॉ. विनयन इंदिरा गांधी के इमरजेंसी (1975 से 1977) के फैसले के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जयप्रकाश नारायण के समकालीन थे। डॉ. विनयन ने बिहार में गरीबों, शोषितों के बीच रहते हुए 32 साल बिताए थे और एक तरह से उन्हीं की जिंदगी का हिस्सा हो गए थे। बाद में उनके काम से प्रभावित होकर लाल बहादुर प्रशासनिक अकादमी ने उन्हें कई बार भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रोबेशनर्स को पढ़ाने के लिए बुलाया। योजना आयोग ने भी बड़ी शिद्दत से उनसे इनपुट्स मांगे थे। उन्हें योजना आयोग की सलाहकार कमेटी में भी नामित किया। पीएमओ के अधिकारी भी उनसे सलाह मांगा करते थे। **डॉ. विनयन शोषित समुदायों के हक के लिए लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष करने के बड़े हिमायती थे।**

तस्वीर 1 : डॉ. विनयन

कैमूर मुक्ति मोर्चा, डॉ. विनयन और डॉ. बी. डी. शर्मा की ओर से शुरू किए गए जन मुक्ति आंदोलन (JMA) से जुड़ा हुआ था। कैमूर मुक्ति मोर्चा और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जमींदारी व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ी और शोषित समुदायों के भूमि अधिकारों की वकालत की। लेकिन वनाधिकारों के सवाल पर डॉ. विनयन, अशोक चौधरी, डी थंकप्पन, रोमा मलिक और भारती राय चौधरी ने 1996 में राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच का गठन किया – नाम रखा गया नेशनल फोरम ऑफ फॉरेस्ट पीपुल एंड वर्कर्स (NFFPW)। 2013 में यह फोरम अखिल भारतीय वनजन श्रमजीवी यूनियन यानी AIUFWP में तब्दील हो गया। इस मंच का मकसद पूरे देश में वनाधिकार कानून लागू करने से जुड़ी समस्याओं का समाधान की दिशा में काम करना था। जमीन पर वनाधिकार कानून लागू करवाना इसके एजेंडे में सबसे ऊपर रहा है। ऐसी ही मजबूत वैचारिक बुनियाद और समृद्ध ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ कैमूर मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता आज भी आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए जमीनी संघर्ष कर रहे हैं।

एक लंबे संघर्ष के बाद 2006 में भारत के वन-निवासी समुदायों, अनुसूचित जनजातियों, पारंपरिक, चरवाहे और अन्य वन-निवासी समुदायों को वनाधिकार कानून (FRA) के तहत पहचान मिली। आदिवासियों और जंगल में रहने वाले अन्य समुदायों के खिलाफ 'जो ऐतिहासिक अन्याय हुआ है,

उसे खत्म करने के लिए' 2006 में संसद में 'अनुसूचित जाति एवं अन्य पारंपरिक वन-निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) कानून, 2006' पारित कराया गया।

पारंपरिक और दूसरे वन-निवासियों के अधिकार सुरक्षित करने के लिए तीन चरणों की प्रक्रिया लाई गई। इसके तहत ही वन-निवासियों के अधिकारों को दर्ज किया गया और उन्हें मान्यता मिली। इसके तहत खेती की जमीन, लकड़ी को छोड़ कर अन्य वनोपज और जंगल की सुरक्षा और संरक्षित करने से जुड़े अधिकारों को सूचीबद्ध किया गया। इससे पहले किसी भी कानून ने जंगल की सुरक्षा और उन्हें संरक्षित करने का अधिकार वन-निवासियों को नहीं दिया था। इस कानून ने जंगल में रहने वाले समुदायों को काफी कानूनी ताकत दी। इसके तहत अगर वन-निवासियों को कहीं से हटाया जाता है तो उनके पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा उनके हितों के कई प्रावधान वनाधिकार कानून 2006 में हैं।

इस ऐतिहासिक कानून का मकसद पुराने वक्त से आदिवासियों और दूसरे वन-निवासी समुदायों के साथ चले आ रहे अन्याय को खत्म करना था। लेकिन जमीनी स्तर पर इसके कारगर ढंग से लागू न हो पाने के कारण अब आदिवासी और दूसरे वन-निवासी समुदाय के लोग समाज के दूसरे वर्गों के और ज्यादा निशाने पर आ गए हैं। इसलिए आदिवासी और वन-निवासियों के खिलाफ पुराने वक्त से जो अन्याय होता आया है वह अभी तक जारी है। कानून के कारगर तरीके से लागू न होने से यह स्थिति आई है।

हालांकि बिहार में वनाधिकार कानून 2006 पिछले 14 साल से लागू है लेकिन बिहार सरकार ने जमीनी स्तर पर इसे लागू करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। कैमूर जिले के आदिवासी इस संबंध में बिहार सरकार के झूठे वादों को सुन-सुन कर थक चुके हैं। लिहाजा इस इलाके के आदिवासियों ने अपने जन्मसिद्ध और संवैधानिक अधिकारों पर जोर देने के लिए 10 और 11 सितंबर, 2020 को अधौरा ब्लॉक के सामने दो दिन का धरना दिया। कैमूर मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता जल, जंगल और जमीन पर अपने कानूनी अधिकारों की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए थे।

घटनाक्रम

10-12 सितंबर, 2020

10 सितंबर, 2020 को अधौरा ब्लॉक के 108 गांवों के महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों समेत हजारों आदिवासियों ने अधौरा के वन विभाग के दफ्तर के सामने प्रदर्शन किया। यह धरना बिरसा मुंडा स्मारक स्थल पर शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुआ है। अगस्त, 2020 से ही इस धरने के बारे में दस हजार पर्चे बांटे गए थे। सरकार और वन विभाग के अफसरों को धरने के बारे में पहले से ही सूचना दे दी गई थी।

कैमूर मुक्ति मोर्चा की निम्नलिखित माँगें थीं :

- वनाधिकार कानून, 2006 लागू किया जाए

- संविधान की पांचवीं अनुसूची के मुताबिक कैमूर को अधिसूचित क्षेत्र घोषित किया जाए। पंचायत (अधिसूचित क्षेत्रों का विस्तार) कानून, 1996 को प्रभावी तौर पर लागू किया जाए
- कैमूर घाटी का प्रशासनिक पुनर्गठन हो
- 1927 का औपनिवेशिक भारतीय वन कानून रद्द हो
- छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट लागू हो
- प्रस्तावित कैमूर वन और वन्यजीव अभयारण्य और टाइगर रिजर्व रद्द हो

इन मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर लोगों को प्रशासन ने कोई जवाब नहीं दिया और न ही उनसे कोई बातचीत के लिए आगे आया। शाम छह बजे तक अधिकारियों की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। अपने पूर्वजों की जमीन, जंगल और जल स्रोत छिन जाने के डर से इकट्ठा हुए आदिवासियों ने वन विभाग के गेट पर ताला लगा दिया। यह उनके विरोध का प्रतीकात्मक तरीका था ताकि जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद की जा सके।

11 सितंबर, 2020 को भी आदिवासी धरने पर बैठे रहे। वन विभाग के लोग आए, उन्होंने ताला तोड़ा और अंदर चले गए। दोपहर बाद धरना दे रहे आदिवासियों ने फैसला किया कि वे अंदर जाकर अधिकारियों से बात करेंगे। लेकिन जब आदिवासियों के प्रतिनिधियों का दल अंदर गया तो वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनसे गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। इसके बाद अचानक वहां और ज्यादा पुलिस वाले इकट्ठा हो गए। उनके साथ सीआरपीएफ के जवान भी थे। इसके बाद अचानक पुलिस और सीआरपीएफ कर्मियों ने आदिवासियों पर बड़ी बेरहमी से हमला कर दिया। पुलिस ने फायरिंग शुरू कर दी और आदिवासियों पर लाठियों से हमला कर दिया।

पुलिस फायरिंग में चापहाना गांव के एक आदिवासी प्रभु के कान को चीरती हुई गोली निकल गई। पुलिस ने आदिवासी महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों को घेरकर लाठियों से पीटा। कई लोगों की गंभीर चोट आई, जिसकी रिपोर्ट भी नहीं लिखी गई।

इसके बाद भी पुलिस की क्रूरता जारी रही। 12 सितंबर को पुलिस ने कैमूर मुक्ति मोर्चा का अधौरा स्थित दफ्तर तोड़ दिया। पुलिस ने कैमूर मुक्ति मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ताओं को झूठे केस दर्ज कर के गिरफ्तार कर लिया। कार्यकर्ताओं को पहले हिरासत में रखा गया और फिर बाद में कैमूर जिले के न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। **इनमें गोइंया के सिपाही सिंह, (उम्र - 65 साल), बरडीहा के धर्मेंद्र सिंह (उम्र - 25 साल), झाड़पा के पप्पू पासवान (उम्र - 23 साल), बराप के लल्लन सिंह खरवार (उम्र - 45 साल), बरडीहा के कैलाश सिंह (उम्र - 65 साल), गोइंया के रामसकल सिंह खरवार (उम्र - 52 साल) सरायनार के हरिचरण सिंह (उम्र - 65 साल) शामिल थे। इनमें से सभी न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।**

सभी सातों कार्यकर्ताओं पर आईपीसी की धारा 144/148/147/323/307/353/332/333/337/338/342 और 427 लगाई गई।

11 सितंबर को दोपहर 2:15 बजे पुलिस ने कैमूर मुक्ति मोर्चा के सात कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। आईपीसी की धारा 147 (दंगा भड़काने के लिए सजा), 148 (दंगा करना और घातक हथियार रखना) और 145 (यह जानते हुए लोगों को चले जाने के लिए कहा गया है फिर भी जान-बूझ कर गैरकानूनी तरीके से एक जगह इकट्ठा होना) के तहत एफआईआर दर्ज की गई। इसके अलावा जिन अन्य आरोपों के आधार बना कर जिन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई, वे इस तरह हैं - 323 (जान-बूझ कर चोट पहुंचाना), 307 (हत्या की कोशिश), 353 (लोक सेवकों को उनकी ड्यूटी निभाने से रोकना और अपराध के मकसद से ताकत का इस्तेमाल करना) 332 (लोक सेवकों को ड्यूटी से रोकने के लिए जान-बूझ कर चोट पहुंचाना), 333 (लोक सेवकों को ड्यूटी से रोकने के लिए जान-बूझ कर गंभीर चोट पहुंचाना), 337 (दूसरे लोगों की जान और निजी सुरक्षा को खतरे में डालना) 338 (दूसरों की जिंदगी या निजी सुरक्षा को खतरे में डाल कर गंभीर चोट पहुंचाना), 188 (लोक सेवकों की ओर से जारी आदेश का उल्लंघन), 427 (पचास रुपये तक की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए बदमाशी करना), 342 (गलत ढंग से कैद में रखने की सजा), आर्म्स एक्ट की धारा 427 (गैरकानूनी उद्देश्य में इस्तेमाल के लिए हथियार रखना)

(नोट: 16 अक्तूबर, 2020 को सभी सातों कार्यकर्ताओं को जमानत दे दी गई)

आदिवासी समुदाय के लोगों से संपर्क और बातचीत

फैक्ट फाइंडिंग टीम ने बिहार के कैमूर में अधौरा गांव के सात गांवों का दौरा किया। ब्लॉक का ब्योरा नीचे दिया गया है:

ब्लॉक का नाम :	अधौरा
राजस्व गांवों की संख्या :	108
कुल भौगोलिक क्षेत्र (हेक्टेयर में) :	80578.49
कुल आबादी :	57100 (100 फीसदी)
कुल आबादी :	57,100 (100 फीसदी)
पुरुषों की आबादी :	29646 (51.9 फीसदी)
महिलाओं की आबादी :	27,454 (48.1 फीसदी)
लिंगानुपात :	926
आबादी (0-6 साल) :	11962 (20.9%)
अनुसूचित जाति :	7385 (12.93%)
अनुसूचित जनजाति :	29680 (51.98%)
कुल साक्षर आबादी :	25431 (56.34%)
पुरुष साक्षर आबादी:	16232 (68.96%)
महिला साक्षर आबादी:	9199 (42.59%)

(स्रोत : 2011 की जनगणना, भारत सरकार)



तस्वीर 2 : बिहार के कैमूर जिले के अधौरा ब्लॉक का नक्शा
(स्रोत : कैमूर जिला जनगणना 2011 हैंडबुक)



तस्वीर 3 : फैक्ट फाइंडिंग टीम की ओर से जिन गांवों का दौरा किया गया उनका नक्शा
(स्रोत : Google Maps)

जिन सात गांवों का दौरा किया गया है उनकी आबादी के स्वरूप और जमीन की प्रकृति की जानकारी :

गांव का कोड	गांव का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	कुल भौगोलिक क्षेत्र (हेक्टेयर में)	कुल परिवार	कुल आबादी	पुरुष आबादी	महिला आबादी	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	वन क्षेत्र (हेक्टेयर में)	कुल बुवाई क्षेत्र (हेक्टेयर में)	शुद्ध बुवाई क्षेत्र (हेक्टेयर में)
250582	गुलु	अठान	214	64	286	136	150	5	280	188.5	1.5	0
250564	सरायनार	चनपुरा	601	54	376	193	183	0	318	480.4	116.5	116.6
250556	बिदुड़ी	अधौरा	333	93	493	257	236	7	157	241.5	81.5	81.5
250555	बरडीहा	अधौरा	813	72	438	213	225	30	356	698.5	105.5	105.5
250568	गोइंया	डुमरांव	564	77	422	227	195	0	421	88.5	468.5	468.5
250593	चापहाना	सड़की	1056	117	822	419	403	11	803	890	161.9	161.4
250554	झाड़पा	अधौरा	458	51	283	141	142	131	140	341	66.8	66.8
कुल			4039	528	3120	1586	1534	184	2475	2259.5	935.4	883.7
%						*50.8*	*49.2*	*5.9*	*79.3*	*55.9*	*23.2*	*94.5*
										कुल भौगोलिक क्षेत्र (फीसदी में)		**शुद्ध बुवाई क्षेत्र (फीसदी में)**

तालिका 1 : अधौरा ब्लॉक के सात गांवों की आबादी और जमीन की प्रकृति
(स्रोत : भारत सरकार की जनगणना, 2011)

1993 में बिहार के रोहतास जिले को काट कर कैमूर बनाया गया था। कैमूर जिला कैमूर के पठारों पर बसा है। ये पठार कैमूर पहाड़ी श्रृंखला का हिस्सा हैं। इस इलाके के तराई में कई छोटी पठारें हैं। यह विंध्य रेंज का हिस्सा है जो बघेलखंड पर्वत श्रृंखला और छोटानागपुर पठार से घिरा है। कैमूर जिले में दो उप जिला मुख्यालय हैं। भभुआ सब-डिवीजन और मोहनिया सब-डिवीजन। अधौरा कैमूर जिले के ग्यारह विकास प्रखंडों में से एक है। अधौरा ब्लॉक समुद्र तल से 2000 फीट की ऊंचाई पर कैमूर पठार पर स्थित है। इसका पूरा भौगोलिक क्षेत्र 80578 हेक्टेयर का है। भारत सरकार की 2011 की जनगणना के मुताबिक अधौरा प्रखंड की कुल आबादी है 57,100। यहां प्रति 1000 पुरुषों पर 926 महिलाओं का अनुपात है। यहां के 51 फीसदी लोग अनुसूचित जनजाति के हैं। ज्यादातर लोग खरवार समुदाय से हैं। अधौरा ब्लॉक में 108 राजस्व गांव हैं। लेकिन सिर्फ 72 गांवों में ही शिक्षा सुविधा है। 11 गांवों में ही चिकित्सा सुविधा है। 22 गांवों में कोई परिवहन और संचार संरचना नहीं है। सिर्फ 13 गांवों में बैंकिंग सुविधा है। 2011 से इनमें से दो में बिजली की सुविधा है। कोविड-19 के बाद इन गांवों में कोई भी सुविधा काम नहीं कर रही है। सिर्फ एक प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्र काम कर रहा है।

फैक्ट फाइंडिंग टीम 23 सितंबर, 2020 को कैमूर जिला पहुंची। कार्यकर्ताओं से मिलने पर पता चला कि पुलिस ने सात आदिवासी पुरुषों को गिरफ्तार किया है। अन्य 29 आदिवासी कार्यकर्ताओं को झूठे आरोपों में फंसाया गया है। इन लोगों से मुलाकात के बाद टीम अधौरा ब्लॉक की ओर चल पड़ी। रास्ते में कैमूर मुक्ति मोर्चा के एक कार्यकर्ता के साथ बातचीत के दौरान पता चला कि आदिवासी समुदाय यहां खेती से जीविका चलाता है। इस इलाके में धान, मूंगफली, अरहर और कई तरह की सब्जियों की खेती होती है। खरवार और दूसरे जनजातीय समुदाय काफी हद तक जंगलों पर निर्भर हैं। उनके पास अलग-अलग ऑर्किड, बागानों, दूसरे पेड़ों, पौधों, झाड़ियों और जड़ी-बूटियों की गहरी और विस्तृत जानकारी है। इनसे ये दवाइयां बनाते हैं, भोजन हासिल करते हैं। रंग बनाते हैं। ये सब इनकी जीविका के स्रोत हैं। आदिवासियों ने टीम को बताया कि जंगल उनकी आत्मा है। इसके बिना उनकी पहचान अधूरी है। लिहाजा वे उनकी जीविका और पहचान छीनने वाले किसी भी ताकत से टकराने के लिए तैयार हैं।

24 सितंबर को फैक्ट फाइंडिंग टीम ने अधौरा ब्लॉक के बिदुड़ी गांव का दौरा किया। टीम ने अधौरा ब्लॉक के बिदुड़ी गांव का दौरा किया। वहां टीम सुभाष सिंह खरवार के परिवार से मिली जो एफआईआर नं (71/20) के मुताबिक आरोपी हैं।

टीम ने माँ गंगाजलि देवी (उम्र – 59 साल) और बहन फूलन कुमारी (17) और छोटे भाई विनय सिंह (18 साल) से बातचीत की। परिवार ने पुलिस अधिकारियों पर बदतमीजी के आरोप लगाए। विनय के मुताबिक पुलिस उनके घर में बगैर किसी दस्तावेज़ या सर्च वारंट के घुस गई। पुलिस अधिकारी सुभाष और उनके छोटे भाई चंद्रअशोक सिंह खरवार को तलाश रही थी। वे दोनों आईपीसी की धारा **144/148/147/323/307/353/332/333/337/338/427 और 342** के तहत आरोपी बनाए गए थे।

सुभाष की मां और बहन धरना-प्रदर्शन में शामिल नहीं थीं लेकिन उन्हें प्रताड़ित किया गया। 12 सितंबर को पुलिस अधिकारी (सभी पुरुष पुलिस अधिकारी) उनके घर में घुस आए। उस वक्त घर में परिवार का कोई पुरुष सदस्य नहीं था। सुभाष एक सरकारी कॉलेज में दर्शन-शास्त्र के लेक्चरर हैं। उनकी माँ ने हमें बताया की पति की मौत के बाद उन्होंने बड़ी कठिनाई से अपने बच्चों को बड़ा किया और पढ़ाया-लिखाया।

उन्होंने खास तौर पर यह बताया है कि बच्चों की परवरिश करने के संघर्ष के दिनों में वह किस तरह पूरी तरह जंगल पर आश्रित थीं। उन्होंने यह भी बताया कि सुभाष लेक्चरर की नौकरी करने के बावजूद किस तरह अधौरा के लोगों से जुड़े हैं और उनकी जमीन, जंगल और जल संसाधन बचाने के संघर्ष में उनका साथ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर जंगल नहीं रहेगा तो उनका अस्तित्व भी नहीं रहेगा। लेकिन जंगल में जब कभी स्थानीय लोगों का पुलिस से सामना होता है तो वो उन्हीं को धमकी देती है और प्रताड़ित करती है। उन्होंने कहा कि गैर-काष्ठ वन उत्पाद, अन्य वनोपज इकट्ठा करने जाते हैं, तब रास्ते में मिलने वाले वन अधिकारी उन पर बेमतलब का जुर्माना ठोक देते हैं। वे उनके औजार छीन लेते हैं और कभी-कभी उनके मवेशियों को जबरदस्ती ले जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार लोगों की शिकायतों पर ध्यान देने के बजाय उनकी आवाज दबाने में लगी है।

गौरतलब है कि **पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में संविधान के अनुच्छेद 19 (आजादी का अधिकार), अनुच्छेद 20 (3) (खुद को अभियुक्त घोषित करने के खिलाफ अधिकार) का उल्लंघन किया है**। पुलिस अधिकारियों ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया। उन्होंने आपराधिक दंड संहिता की धारा 165 का उल्लंघन किया।

टीम ने बिदुड़ी गांव के अन्य लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने बार-बार यही कहा कि पुलिस अधिकारियों ने सीआरपीएफ जवानों के साथ मिलकर उनके गांव में तोड़-फोड़ की। गांवों वालों को धमकियां और गालियां दी गईं। जब टीम ने उनसे पूछा कि पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने उनके साथ बदसलूकी क्यों की तो उन्होंने बताया कि चूंकि अधौरा ब्लॉक में दिए गए धरने में इस गांव के लोगों ने हिस्सा लिया था इसलिए उनके साथ यह सुलूक किया गया। कई गांव वालों ने अपनी आपबीती सुनाई। उनका कहना है कि वे अपना दुख अपनी चुनी हुई सरकार को बताने गए थे लेकिन बदले में पुलिस की लाठियां और गोलियां खानी पड़ीं।

फैक्ट फाइंडिंग टीम ने अधौरा पंचायत के बरडीहा गांव दौरा किया। वहां उसकी मुलाकात धर्मेंद्र सिंह के पिता हीरा सिंह खरवार से हुई। 25 साल के खरवार आदिवासी धर्मेंद्र को समान आरोप में सुभाष और उसके छोटे भाई के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। धर्मेंद्र कैमूर मुक्ति मोर्चा से जुड़े हैं। उन्होंने अधौरा ब्लॉक पर लोकतांत्रिक ढंग से आयोजित किए गए दो दिवसीय धरने में हिस्सा लिया था। गांव वालों का कहना था कि कैमूर मुक्ति मोर्चा से जुड़े कार्यकर्ता बुजुर्ग थे। गांव वालों का कहना था कि कार्यकर्ताओं ने धरना की जगह तय करने के लिए जरूरी प्रक्रिया का सही तरीके से पालन किया था। साथ ही स्थानीय प्रशासन से धरना आयोजित करने की अनुमति भी ले ली थी।

अधौरा ब्लॉक के 108 गांवों के आदिवासी समुदाय के लोग प्रशासन से वनाधिकार कानून, 2006 के घोर उल्लंघन और इस कानून के प्रावधानों को लागू न किए जाने के सवाल पर प्रशासन से बात करना चाहते थे। वे प्रशासन से पूछना चाहते थे कि आखिर अनुसूचित क्षेत्र कानून, 1996 के पंचायत विस्तार और छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट के प्रावधानों को लागू क्यों नहीं किया जा रहा है। इन सभी कानूनों के तहत भारत के जनजातीय समुदाय के लोगों को संवैधानिक अधिकार मिले हुए हैं।

लेकिन 11 सितंबर को पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने प्रदर्शन स्थल पर बड़े ही सुनियोजित तरीके से गांव वालों पर हमला बोल दिया। पुलिसकर्मियों ने बड़ी बेरहमी से लाठियां बरसाईं और शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे आदिवासियों पर बंदूक की गोलियां दागीं।

जिन महिलाओं पर पुलिस ने लाठियां चलाई थीं उनमें से एक रामराजी खरवार ने अपने चोट के ज़ख्म दिखाए। उन्होंने कहा कि सरकार, वन विभाग और पुलिस अधिकारी आदिवासी लोगों को आतंकित करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वे अपने पूर्वजों की संपत्ति सरकार को सौंप दें। महिलाओं ने बताया कि जंगल कैसे उनकी जिंदगी और उनके समुदाय के लोगों का अभिन्न हिस्सा है। दोनों एक दूसरे पर कैसे निर्भर हैं। वह काफी मुखर हैं और पूरे दम-खम के साथ जंगल की जमीन पर दावा ठोकती है। (बरडीहा गांव की आदिवासी महिला)

बरडीहा गांव के रहने वाले स्थानीय पत्रकार कवींद्र सिंह से भी फैक्ट फाइंडिंग ने मुलाकात की। वह स्थानीय हिंदी अखबार 'दैनिक जागरण' में काम करते हैं। वह दो दिनों चले आ रहे धरने को कवर करने की ऑफिशियल ड्यूटी पर थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग शांतिपूर्वक अपने स्थानीय लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए धरने पर बैठे थे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि केएमएम के कार्यकर्ताओं ने धरने की जगह के लिए अनुमति ली थी। उन्होंने कहा था कि वे शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करेंगे।

कवींद्र सिंह ने इस मामले में अपना नजरिया जाहिर करते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों को लगा कि लोकसेवक इस देश के नागरिकों की सेवा के लिए हैं लेकिन उन्होंने यहां पहुंचकर लोगों की शिकायतें भी सुनने की जहमत नहीं उठाई । विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से पहले से बंद पड़े फॉरेस्ट रेंजर के दफ्तर पर ताला जड़ने का फैसला किया। अगले दिन योजना के मुताबिक गांव वाले उसी जगह पर इकट्ठा हुए। इनमें से कुछ कार्यकर्ता बंद पड़े और वन और पुलिस विभाग को देखने अंदर चले गए। उन्होंने देखा कि उनका लगाया ताला टूटा पड़ा है। कोई भी वहां जमा हुए 108 गांव के लोगों की शिकायतें सुनने नहीं आया। इसके बाद वहां इकट्ठा लोगों ने रेंजर के दफ्तर में घुस कर उनसे बात करने की कोशिश शुरू की तो अचानक बगैर चेतावनी के पुलिस ने बेचारे गांव वालों पर लाठी चार्ज कर दिया। पुलिस ने महिलाओं और बच्चों को बुरी तरह पीटा। इसके बाद लोगों ने चार-पांच गोलियां दागने की आवाज सुनी। कुछ ही घंटों में डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर, रेंजर्स और थाना प्रभारी अधौरा पहुंच गए।

तस्वीर 4 : बरडीहा में गांव वालों की सभा
(फोटो सौजन्य : दिल्ली समर्थक समूह)

फैक्ट फाइंडिंग टीम इसके बाद गोइंया गांव पहुंची। डुमरांवां पंचायत का यह गांव खरवार आदिवासियों का है। गांव के लोगों ने कहा कि वहां के 100 लोगों ने धरने में हिस्सा लिया था। टीम ने फूलमतिया और समुद्री से भी मुलाकात की। दोनों पर पुलिस ने हमला किया था। फूलमतिया की छाती में चोट लगी थी। सिपाही (उम्र, 65 साल) और रामशक्ल सिंह (उम्र 65 साल) को भी गिरफ्तार किया गया था। उन दोनों को एसपी और एसडीओ बातचीत करने के बहाने बुलाया गया। 12 सितंबर को शाम 5 बजे दोनों को पुलिस दफ्तर में गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को पुलिस हिरासत में अधौरा भेज दिया गया।

फैक्ट फाइंडिंग टीम ने इसके बाद कैमूर मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी सचिव राजालाल सिंह खरवार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि कैसे सत्तारुढ़ पार्टी लगातार कैमूर के इतिहास के भगवाकरण में लगी है। उनका मकसद आदिवासियों में फूट डालना और उनके एजेंडे को खतरे में डालना है। इसके साथ ही उन्होंने संथालों के संघर्ष और चालीस लाख साल पुरानी कैमूर की पहाड़ियों के समृद्ध इतिहास का भी जिक्र किया।

उन्होंने फैक्ट फाइंडिंग टीम को बताया कि सरकार उन्हें उनके बाप-दादा की जमीनों से बेदखल करना चाहती है क्योंकि यहां कैमूर वन्यजीव अभयारण्य है। इसे वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (VTR) बनाया जाना है। इस मुद्दे पर कैमूर मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी सचिव राजालाल सिंह खरवार ने कहा, “बरसों से हम रोजाना अपने दिन का अधिकतर वक्त इन जंगलों में ही बिताते हैं लेकिन आज तक

हमने कोई बाघ नहीं देखा और न किसी बाघ से हमारा सामना हुआ। इस अभयारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने का एक ही मकसद है। यह सिर्फ हमारी जमीन लेने और हमें यहां से खदेड़ने की साजिश है।

तस्वीर 5 : गोइंया गांव में पंचायत के लोग
(फोटो सौजन्य : दिल्ली समर्थक समूह)

राजालाल सिंह खरवार ने बताया कि कैसे जंगल और आदिवासियों का जीवन एक दूसरे पर आश्रित है। उन्होंने बताया कि कैसे जनजातीय लोगों का जीवन जंगल और पारिस्थितिकी तंत्र पर टिका है। उन्होंने यह भी बताया कि जंगल कम होने की वजह से जंगली जानवर वहां से भाग रहे हैं। सरकार और वन विभाग की गतिविधियों की वजह से जंगल इन जानवरों से खाली हो रहे हैं। सरकार और वन विभाग आदिवासियों की जमीन हड़पने और पर्यावरण की धज्जियां उड़ाने में लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार को संरक्षण के नाम पर वन संसाधन से लोगों को अलग करने के बजाय वन क्षेत्र में कमी की जवाबदेही लेनी चाहिए। राजा लालसिंह खरवार (कार्यकारी सचिव, कैमूर मुक्ति मोर्चा) कहते हैं, "अगर यहां बाघ भी मिले हैं तो हमें उनसे डर नहीं है क्योंकि वन्यजीवों से सह-अस्तित्व का हमारा वर्षों पुराना इतिहास है। हम किसी को विस्थापित नहीं होने देंगे। हमारे लिए यह 'करो या मरो' का सवाल है।"

खरवार ने कहा कि मुश्किल में फंसे जनजातीय समुदाय के लोगों के पास अब चुनाव के बहिष्कार के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। क्योंकि अधिकारियों ने अधौरा में धरने पर बैठे लोगों की बात सुनने के बजाय उन पर लाठियां और गोलियां चलवाईं। इन लोगों ने क्या किया था? यही ना कि

उन्होंने जल, जंगल और जमीन पर अपने वैधानिक अधिकारों की मांग के लिए आवाज उठाई थी। इसके अलावा क्रूर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां चलाई। इससे प्रदर्शनकारी व्यथित हो गए और उन्होंने पलटवार किया। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हिंसा में तब्दील हो गया। एक कार्यकर्ता को गोली लगी और कइयों की गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने कैमूर मुक्ति मोर्चा के दफ्तर में लगा ताला तोड़ दिया और वहां छापे डाले। अब यहां कार्यकर्ताओं को पकड़ कर उन्हें माओवादी बता देना नियमित मामला हो गया है। खरवार ने कहा कि पुलिस और सरकार भले ही हिंसा करें लेकिन हम लोकतांत्रिक तरीके से अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

राजा लालसिंह खरवार और छह दूसरे लोगों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट, 1959 के धारा 27 के तहत गैरकानूनी ढंग से हथियार इकट्ठा करने जैसे आरोपों में मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

राजा लालसिंह खरवार का कहना है, "यह जनजातीय बहुल इलाका है। लेकिन सरकार ने इसे दो जिले के आठ ब्लॉक में बांट दिया है ताकि हमारा इलाका पांचवीं अनुसूची के दायरे से बाहर हो जाए। हमारी मांग है कि कैमूर पहाड़ियों का प्रशासनिक पुनर्गठन हो और आदिवासियों के लिए ही सिर्फ दो ब्लॉक बनें। इससे हमारा इलाका पांचवीं अनुसूची के दायरे में आ जाएगा।"

24 तारीख की शाम को फैक्ट फाइंडिंग टीम के सदस्यों ने गणेश सिंह के बेटे हरिचरण सिंह से मुलाकात की। चनपुरा पंचायत के सरायनार गांव के 65 साल के इस बुजुर्ग आदिवासी को धरने के दिन पुलिस हमले में गहरी चोट आई है। उनके सिर पर भारी चोट है। उनकी उम्र और चोट के बावजूद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सरायनार के ग्रामीणों ने फैक्ट फाइंडिंग टीम को बताया कि उन्हें मेडिकल जांच के लिए भभुआ के अस्पताल में ले जाना पड़ा। इसके बाद उन्हें क़ाराटाइंन में विक्रमगंज (भभुआ से 50 किलोमीटर दूर) के एक ज्यूडिशियल कस्टडी डिटेंशन सेंटर में भेज दिया गया। उनका परिवार उनके लिए काफी चिंतित हैं। परिवार वालों को पता नहीं था कि उन्हें रखा कहां गया है। सरायनार गांव लगातार वन विभाग की बेरहमी का शिकार रहा है। वन विभाग के अधिकारी गांव के लोगों को जंगल से लकड़ी और दूसरे वनोपज नहीं लेने देते। वन विभाग के अधिकारी कच्चे घर भी नहीं बनाने दे रहे। उन्हें बड़े ही सधे तरीके से ध्वस्त किया जा रहा है। गांव वालों ने फैक्ट फाइंडिंग टीम को बताया कि वन विभाग के अधिकारी जबरदस्ती आदिवासियों के मवेशी भी ले जाते हैं। स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार के प्रति ग्रामीणों को काफी शिकायतें हैं। गांव वालों के खिलाफ पुलिस की हिंसा पर काफी गुस्से का माहौल है। लौटने के दौरान फैक्ट फाइंडिंग टीम ने पाया कि सड़कों की स्थिति काफी खराब है। इसी तरह एंबुलेंस सेवाओं की स्थिति भी काफी लचर है। कोरोना की वजह से स्कूल बंद कर दिए गए थे। ऑनलाइन पढ़ाने या अतिरिक्त तौर पर क्लास लगा कर पढ़ाई की व्यवस्था नहीं थी। फैक्ट फाइंडिंग टीम ने देखा कि वन विभाग ने जबरदस्ती आदिवासियों के कच्चे घर तोड़ दिए गए हैं।

मौजूदा सरकार के गुड गवर्नेंस, इनक्लूसिविटी और विकास के दावे जमीन पर जुमले की तरह मालूम पड़ते हैं। 25 सितंबर को टीम सड़की पंचायत के चापहाना गांव की ओर चल पड़ी। वहां टीम घायल

प्रभु के घर पहुंची। प्रभु को पुलिस फायरिंग में गोली लग गई थी। उनके कान को चीरती हुई निकल गई थी। जब फैक्ट फाइंडिंग गांव पहुंची तो लोगों में सरकार के प्रति काफी गुस्सा दिखा। गांव वालों में गुस्सा था और वे चिंतित भी थे। गांव वालों से बातचीत करने में हिचकिचा रहे थे, और उन्हें खुलने में थोड़ा समय लगा क्योंकि उन्हें लग रहा था फैक्ट फाइडिंग के लोग वन विभाग के हैं। वन विभाग के प्रति गांव वालों में जिस तरह का डर दिखा उससे वहां के जमीनी हालात के बार में पता लग गया। यह भी पता चल गया कि सरकारी अधिकारी की जिम्मेदारियों का क्या हाल है?

गांव वालों के अंदर सरकार के प्रति गहरा संदेह था और उनमें असुरक्षा की भावना भरी हुई थी। गांव वालों ने सोचा कि फैक्ट फाइंडिंग टीम के लोग उस शख्स को गिरफ्तार करने आए हैं, जिसके कान में गोली लगी थी। डर से वह शख्स गायब हो गया। उस व्यक्ति के परिवार वालों ने फैक्ट फाइंडिंग टीम से बात करने से साफ इनकार कर दिया गया। टीम ने उन्हें भरोसे में लेने और तनाव कम करने की काफी कोशिश लेकिन किसी से भी ज्यादा बात नहीं हो पाई। सौभाग्य से कुछ गांव वालों ने बाद में बताया कि पुलिस ने उनके साथ किस तरह की बेरहमी की थी। 11 सितंबर को पुलिस और वन अधिकारियों ने उनके साथ जो सुलूक किया, उसका पूरा ब्योरा उन्होंने बताया। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ प्रमुख संगठन और संस्थाएं अपने स्वार्थ के लिए वन विभाग अधिकारी और गांव वालों के बीच मध्यस्थता करने में लग गए थे। वे वन विभाग के लोगों के साथ मिल कर काम करते हैं और गांव वालों पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों की वजह से वन अधिकारी गांव वालों पर अपना अत्याचार जारी रखते हैं और उन्हें जंगलों में घुसने से रोकते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग के लोग उन्हें गालियां देते हैं और अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। वे कहते हैं – जंगल तेरे बाप का है क्या?

गांव वालों का कहना था कि वे जंगलों को वन विभाग के भरोसे छोड़ने के बजाय वे लड़ते हुए मरना पसंद करेंगे। क्योंकि जंगल उनके अस्तित्व और गरिमा का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने जंगल की जमीन पर अपने अधिकार के दावे वर्षों पहले दर्ज कराए थे लेकिन ब्लॉक और जिला प्रशासन की ओर से उनकी कोई सुनवाई अभी तक नहीं हुई है।

यहां के लोगों से मिलने के बाद फैक्ट फाइंडिंग ने अधौरा पंचायत के झाड़पा गांव का दौरा किया। टीम ने वहां पप्पू पासवान के घर का दौरा किया। पप्पू उन सात आदिवासियों में शामिल हैं जिन्हें फर्जी आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। टीम ने उनकी मां (शारदा देवी) से बात की। कोविड-19 के इस दौर में पप्पू के जेल में होने की वजह से वे काफी दुखी लग रही थीं। बेटे के जेल में होने का गम उन्हें साल रहा था। उनका कहना था कि कोई अपना अधिकार मांगे तो उसे जेल में डाल देना अन्याय है। टीम के सामने वह रोती रहीं और बेटे को जेल से छुड़ाने की मिन्नतें करने लगीं।

26 सितंबर की सुबह यह टीम अठान पंचायत के गुलु गांव पहुंची। वहां प्रमोद उरांव नाम के एक युवक ने पुलिस की क्रूरता की बारे में जानकारी दी और बताया कि किस तरह वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गांव वालों पर अकसर अत्याचार करते हैं। प्रमोद ने बताया कि कैसे

अधिकारी आदिवासियों को उनकी ही जमीन पर खेती की इजाजत देने के लिए रिश्वत लेते हैं। अगर वे लोग रिश्वत नहीं देते हैं तो उन्हें धमकी दी जाती है।

टीम ने यह भी पाया कि वनाधिकार एक्ट 2006 के तहत गांव वालों ने जो दावे किए थे उन्हें ठीक से ड्राफ्ट भी नहीं किया गया है। उस पर सरकारी अधिकारियों ने कोई जवाब नहीं दिया है। जंगल की जमीन पर गांव वाले अपना निजी और सामुदायिक दावा ठीक तरह से पेश कर सकें, इसके लिए उन्हें मदद की जरूरत है।

दोपहर तक टीम कैमूर जिला मुख्यालय लौट आई। वहां गिरफ्तार लोगों की जमानत याचिका पर बातचीत करने के लिए टीम के लोगों ने वकीलों से मुलाकात की।

वकीलों से मुलाकात

